दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, बुधवार 22 मई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-229

# एग्जिट पोल के नतीजों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उदासी

**नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनावों के नतीजें आने में दो दिन बाकी रह गए है। नतीजों से पहले चुनाव में जीत को लेकर एग्जिट पोल जारी कर दिए गए है। जिसमें बीजेपी की जीत का दावा किया जा रहा है। वहीं एग्जिट पोट के आने के बाद कांग्रेस नेताओं में उदासी छा गई है। कांग्रेस नेताओं का उत्साह बढ़ाने के लिए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सभी कार्यकर्ताओं को संदेश दिया है।**

### प्रियंका गांधी ने दिया संदेश



प्रियंका गांधी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता स्ट्रॉन्ग रूम और मतगणना केंद्रों पर डटे रहें। कार्यकर्ताओं को जारी ऑडियो संदेश में प्रियंका ने कहा, आप लोग, अफवाहों और एग्जिट पोल से हिम्मत मत हारिए। ये अफवाहें आपका हौसला तोड़ने के लिए फैलाई जा रही हैं। इस बीच आपकी सावधानी और भी महत्वपूर्ण बन जाती है। स्ट्रॉन्ग रूम और मतगणना केंद्रों पर डटे रहिए और चौकन्ने रहिए। प्रियंका ने कहा, हमें पूरी उम्मीद है कि हमारी और आपकी मेहनत का फल मिलेगा बता दें कि 19 मई को आए लगभग सभी प्रमुख एग्जिट पोल में एनडीए को बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। एग्जिट पोल के अनुमान जारी होते ही विपक्षी दलों में खलबली मच गई है। विपक्ष के नेताओं ने एक स्वर में एग्जिट पोल से नाइत्तेफाकी जाहिर की है। वहीं विरोधियों ने ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल भी उठाए हैं।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि एग्जिट पोल गलत साबित होंगे क्योंकि ये जमीनी हकीकत से बहुत दूर हैं। आंध्र प्रदेश में टीडीपी की सरकार बनेगी और केंद्र में गैरबीजेपी सरकार बनेगी। हम चुनाव आयोग से मांग करते हैं कि 50 प्रतिशत बूथों के वीवीपैट का मिलान किया जाए। गिनती की शुरुआत में विधानसभा क्षेत्रों के पांच बूथ के वीवीपैट मिलाए जाएं, लेकिन अगर कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो सभी वीवीपैट की गिनती होनी चाहिए। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने एग्जिट पोल्स को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इनके सही होने पर संदेह है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की है कि कांग्रेस प्रदेश के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। ज्यादातर पोल्स में केंद्र में एनडीए सरकार को स्पष्ट बहुमत के करीब बताया गया है जबकि पंजाब में कांग्रेस को 13 में से 9-10 सीटें आने की संभावना जताई गई है।

## मुलायम और अखिलेश को सीबीआई से क्लीन चिट

**» आय से अधिक संपत्ति का मामला**



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सर्वोच्च न्यायालय में एक हलफनामा दाखिल कर आय से अधिक संपत्ति मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्रियों - मुलायम सिंह यादव और उनके बेटे अखिलेश यादव को क्लीन चिट दे दी।

सीबीआई ने शीर्ष अदालत को बताया कि समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव, उनके बेटों- पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और प्रतीक यादव, पुत्रवधु और सांसद डिंपल यादव के खिलाफ कथित आय से अधिक संपत्ति की जांच, कोई सबूत नहीं मिलने के बाद 2013 में बंद हो चुकी थी। सीबीआई ने ताजा हलफनामे में कहा, जांच के दौरान पहली नजर में कोई सबूत नहीं मिला और जांच प्राथमिकी में नहीं बदली जा सकी। सीबीआई ने कहा कि उसने 2013 में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) को रिपोर्ट सौंपने के बाद जांच बंद कर दी थी। सीबीआई ने अदालत को बताया कि अगस्त 2013 के बाद से मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव के खिलाफ कोई जांच नहीं की गई।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अमेरिका में नौसैनिक विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना राज्य में एक अमेरिकी नौसैनिक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, पायलट सुरक्षित है। सेना ने यह जानकारी दी। सेकेंड मैराइन एयरक्राफ्ट विंग की ओर से जारी बयान में कहा गया, एवी-8बी हैरियर विमान हेवेलोक के समीप मंगलवार तड़के दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट सुरक्षित बाहर निकल आया। उसे जांच के लिए भेजा गया। बयान में कहा गया कि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। सेना ने पहले ही दुर्घटनास्थल का घेर लिया। हादसे की जांच की जा रही है।

### 8 साल के बच्चे की दम घुटने से मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के विशाखापटनम में गाड़ी में दम घुटने से बच्चे की मौत हो गई। पिता अपने मालिक की गाड़ी साफ कर रहा था तो साफ करने के बाद व गाड़ी को लाक लगाकर चला गया और उसे भूल गया कि गाड़ी में उसका 8 साल का बेटा बैठा है। गाड़ी में बैठे बेटे की दम घुटने से मौत हो गई। दरअसल लड़के के पिता एक लेफ्टिनेंट कमांडर के घर पर काम करते हैं। सोमवार की दोपहर वह नेवी चार्टर आए थे। इस दौरान उन्होंने कमांडर की गाड़ी साफ की। पुलिस का कहना है कि पिता ने गाड़ी को साफ करने के बाद लॉक कर दिया। वह भूल गए कि उनका आठ साल का बेटा गाड़ी के अंदर बैठा है। इसके बाद जब परिवार ने बच्चे की खोज शुरू की तो घर के मालिक ने गाड़ी की बैक सीट पर बच्चे को मृत पाया। पुलिस के अनुसार उन्होंने मामले की जांच के लिए नौसेना के अधिकारियों की मंजूरी मांगी है। घटना नेवी हेडक्वार्टर में हुई है, हम नेवी के अधिकारियों से मौत की जांच के लिए मंजूरी लेने की कोशिश कर रहे हैं।

### बस से कुचलकर युवक की मौत

**बेगुसराय (आरएनएस)।** जिले के वीरपुर थाना क्षेत्र में आज एक निजी बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि नौला गांव के निकट बस और मोटरसाइकिल के बीच हुयी सीधी टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की उम्र 25 वर्ष है जिसकी तत्काल पहचान नहीं हो सकी है। बस नौला से बेगुसराय आ रही थी। सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बेगुसराय सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस बस और चालक का पता लगाने में जुटी है।

### 28वीं पुण्यतिथि पर राजीव को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी, संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 28वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। मोदी ने ट्विटर पर स्वर्गीय गांधी को श्रद्धांजलि दी। मुखर्जी, श्रीमती गांधी, श्री गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने स्वर्गीय गांधी की समाधि 'वीर भूमि' पर आज सुबह जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। देश के छठे प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरम्बदूर में हत्या कर दी गयी। वह 1984 में अपनी मां एवं प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की अंगरक्षकों द्वारा हत्या कर देने के बाद प्रधानमंत्री बने।

### एक मतदान केंद्र पर होगा पुनर्मतदान

**कोलकाता (आरएनएस)।** चुनाव आयोग ने एक अधिसूचना जारी कर कोलकाता उत्तर संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले एक मतदान केंद्र में पुनर्मतदान कराए जाने की घोषणा की है। इस संसदीय क्षेत्र में सातवें चरण के तहत 19 मई को मतदान हुआ था। अधिसूचना के मुताबिक, पुनर्मतदान जोरासांको विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत संस्कृत कॉलिजिएट स्कूल के कमरा नंबर 1 में स्थापित मतदान कक्ष में होगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। कोलकाता उत्तर संसदीय क्षेत्र में 1,862 मतदान केंद्र हैं।

## एजेंट दंपति व पोस्टमास्टर ने मिलकर किया लाखों का घोटाला




**भिंड (आरएनएस)।** चंबल संभाग के भिंड जिले के दबोह डाकघर का एक एजेंट दंपति खाताधारकों का लाखों रुपया लेकर फरार हो गए। न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद दबोह पुलिस ने एजेंट दंपति और पोस्टमास्टर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

कस्बे के वार्ड क्रमांक एक निवासी उर्मिला सविता और उसका पति केशव सविता दबोह पोस्ट ऑफिस में अल्प बचत एजेंट के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने कस्बे में बहुत से लोगों से पोस्ट ऑफिस की पॉलिसियों के नाम पर लाखों रुपया लिया, लेकिन खातों में जमा नहीं किया। लंबे समय बाद जब लोग पोस्ट ऑफिस में अपने खातों से पैसा निकालने पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उनके खातों में पैसा ही जमा नहीं हुआ है। लोगों ने दोनों की शिकायत की तो वे अचानक गायब हो गए। दबोह निवासी अनिल अग्रवाल ने न्यायालय में परिवाद पेश किया। न्यायालय के आदेश पर दबोह पुलिस ने उर्मिला सविता, केशव सविता और दबोह पोस्ट मास्टर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। दबोह थाना प्रभारी नवीन यादव ने आज यहां बताया कि एजेंट दंपति तथा उप डाकघर के पोस्ट मास्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## वीवीपैट को लेकर खटखटाएंगे चुनाव आयोग का दरवाजा

**» विपक्षी दलों ने कसी कमर**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सत्रहवीं लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का बहुमत रहने के एक्जिट पोल के अनुमानों के बीच कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की गणना और वीवीपैट की पर्चियों के मिलान को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग से मिलने की तैयारी कर रहे हैं। विपक्षी दल इस संबंध में चुनाव आयोग से मिलेगा। इससे पहले तेलुगू देशम पार्टी और आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडु ने कहा कि कम से कम 50 प्रतिशत ईवीएम गणना और वीवीपैट पर्चियों का मिलान किया जाना चाहिए और इन दोनों में अंतर होने पर पर्चियों को मान्य माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आयोग की आलोचना करते हुए कहा कि चुनाव आयोग अपनी विश्वसनीयता खो चुका है। उच्चतम न्यायालय की व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से कम से कम पांच वीवीपैट पर्चियों का मिलान ईवीएम की गणना से किया जाना चाहिए। विपक्षी दलों के नेताओं का कहना है कि इस संबंध में न्यायालय ने अधिकतम की सीमा नहीं तय की है। नायडु ने कहा, अगर वीवीपैट पर्चियों की गणना नहीं हो सकती तो चुनाव आयोग को नौ हजार करोड़ रुपए खर्च करने की क्या जरुरत थी। मतगणना में तेजी की बजाय विश्वसनीयता ज्यादा महत्वपूर्ण है। एक्जिट पोल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इनकी विश्वसनीयता पर संदेह व्यक्त किया और कहा कि यह ईवीएम के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि एक्जिट पोल वास्तव में ईवीएम बदलने या उनके साथ छेड़छाड़ करने की दिशा में एक कदम है।



## तेरह घंटे मौत से संघर्ष के बाद बच्ची की मौत



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजस्थान के जोधपुर जिले में मेलाना गांव में बोरवेल में गिरी चार साल की बच्ची 13 घंटों तक मौत से लड़ती रही और आखिरकार उसने दम तोड़ दिया। लगातार चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी बच्ची को बचाया न जा सका। जानकारी के अनुसार वह सोमवार शाम 350 फीट गहरे बोरवेल में गिर गई थी। बच्ची को बोरवेल से बाहर निकालने के लिए पुलिस, सिविल डिफेंस व एसडीआरएफ की टीम ने सोमवार की शाम रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया था। जब केबल के सहारे बोरवेल कैमरा उतारा गया तो पता चला कि वह 130 फीट पर फंसी थी। शाम सात बजकर 30 मिनट तक बोरवेल के समानांतर खुदाई शुरू की गई थी। रात आठ बजे तक उसके रोने की आवाज सुनाई दे रही थी। लेकिन रात 11 बजे तक वह 230 फीटी की गहराई तक चली गई। वह धीरे-धीरे नीचे की ओर खिसकती जा रही थी। रात 2 बजे तक कैमरे में पानी दिखा, पर सीमा नजर नहीं आई। सुबह रेस्क्यू टीम ने बोरवेल से उसका शव बाहर निकाला। मामले संबंधित जानकारी देते हुए बच्ची के दादा ने बताया कि खेत के बोरवेल का पंप खराब हो गया था। जिसके चलते उसे बाहर निकालकर वायरिंग का काम किया जा रहा था। तब वह आसपास ही खेल रही थी। उसे एक चींटी ने काट लिया, जिसके बाद वह अपने दादा के पास आई। इस दौरान वह पीछे की ओर जाने लगी और घास में उसका पैर धंस गया। जिसके बाद वो बोरवेल में गिर गई।

## नहीं होगा 100 फीसदी ईवीएम-वीवीपैट का मिलान

**» सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को बताया बकवास**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले ही ईवीएम व वीवीपैड मशीनों को लेकर सियासत शुरू हो गई है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने 100 फीसदी ईवीएम-वीवीपैट मिलान की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है।



बता दें कि एक एनजीओ ने ये मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को बकवास करार देते हुए कहा कि एक ही मांग बार-बार नहीं सुन सकते, लोग अपनी सरकार चुनते हैं। कोर्ट इसके आड़े नहीं आएगा। इससे पहले 21 विपक्षी पार्टियों ने 50फीसदी मिलान की मांग की थी। इससे पहले ईवीएम-वीवीपैट मिलान को लेकर कांग्रेस समेत 21 पार्टियों को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने 21 पार्टियों की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी। दरअसल, 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने हर विधानसभा में एक ईवीएम के वीवीपैटसे मिलान को बढ़ाकर 5 कर दिया था लेकिन विपक्षी पार्टियों ने मिलान को 50 फीसदी करने की मांग दोहराई थी। विपक्ष के नेता चंद्रबाबू नायडू, अखिलेश यादव, के सी वेणुगोपाल, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, सतीश चंद्र मिश्र समेत विपक्ष के 21 नेताओं ने याचिका दायर की थी। इस याचिका में ईवीएम के ज़रिए होने वाले चुनाव में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए 50 फीसदी तक ईवीएम पर्चियों के वीवीपैट से मिलान की मांग की गई थी।

## एनआईए ने 10 स्थानों पर मारा छापा, संवेदनशील सामग्री जब्त




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने तमिलनाडु के 10 स्थानों पर आज छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण बरामद किए गए। एनआईए की विभिन्न टीमों ने यह कार्रवाई इस साल आठ जनवरी को दर्ज किए गए एक मुकदमे के संबंधमें की है। इस एफआईआई के मुताबिक आठ लोगों पर आईएसआईएस को समर्थन देने का आरोप है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए)ने मुथुपेट, केलाकरई, देवीपट्टिनम, ललपेट और सलेम में 10 लोगों के 10 ठिकानों पर तलाशी ली। छापेमारी के दौरान एनआईए ने तीन लैपटॉप, तीन हार्ड डिस्क, 16 मोबाइल फोन, आठ सिम कार्ड, दो पेन ड्राइव, पांच मेमोरी कार्ड और एक कार्ड रीडर समेत दो चाकू और कई दस्तावेज बरामद किए हैं। एनआईए की ओर से आरोपियों शेख डाऊद, मोहम्मद रियाज, साधिक, मुभारिस अहमद, रिजवान और हामिद अकबर के निवास स्थान रामानाथपुरम, सालेम और चिदंबरम में खोज अभियान चलाया गया। सूत्रों के मुताबिक समन भेजने के बाद भी कुछ लोग पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे इसलिये कार्रवाई की गई। एजेंसी ने दो मई को तमिलनाडु स्थित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के आठ ठिकानों और तौहीद जमात के तीन दफ्तरों पर छापेमारी की थी। ये छापेमारी श्रीलंका में हुए बम धमाकों की जांच के सिलसिले में की गई थी।ईस्टर के दिन हुए आतंकी हमलों में 253 लोगों की मौत हो गई थी।

## सैफ, सोनाली, नीलम और तब्बू को हाई कोर्ट का नोटिस


**» काला हिरण केस**



**जोधपुर (आरएनएस)।** काले हिरण के शिकार के मामले में बॉलिवुड स्टार सैफ अली खान, सोनाली बेंद्रे, नीलम कोठारी और तब्बू की मुसीबतें बढ़ती नजर आ रही हैं। राजस्थान हाई कोर्ट की जोधपुर बेंच ने 1998 के इस केस में इन्हें ताजा नोटिस जारी किए हैं। जस्टिस मनोज गर्ग की सिंगल बेंच ने राजस्थान सरकार की एक अपील पर यह नोटिस जारी किया है। राजस्थान सरकार ने पिछले साल 5 अप्रैल को इन कलाकारों को बरी करने के चीफ जुडिशल मजिस्ट्रेट के फैसले के खिलाफ याचिका दायर की थी। इन कलाकारों के अलावा यह नोटिस दुष्यंत सिंह को भी भेजा गया है। घटना के समय कथित तौर पर वह भी इन लोगों के साथ मौजूद था। जस्टिस गर्ग ने निर्देश दिया है कि आठ सप्ताह बाद यह केस सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। इससे पहले 11 मार्च को भी हाई कोर्ट ने इन पांचों को नोटिस जारी किया था।

इसी मामले में सीजेएम की कोर्ट ने बॉलिवुड के मशहूर स्टार सलमान खान को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 51 के तहत दोषी ठहराया जा चुका है। उन्हें पांच साल की कैद और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। फिलहाल सलमान खान बेल पर हैं। उनकी अपील हाई कोर्ट के सामने लंबित है। यह घटना फिल्म हम साथ-साथ हैं की शूटिंग के दौरान 1998 में घटी थी। सीजेएम कोर्ट ने सबूतों के अभाव में सैफ, सोनाली, तब्बू, नीलम और दुष्यंत को बरी कर दिया था।

## पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण रामवीर निलंबित



**लखनऊ (आरएनएस)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने पूर्व मंत्री और मायावती के करीबी रामवीर उपाध्याय को पार्टी से निलंबित कर दिया है। उन्हें लोकसभा चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पार्टी से बाहर किया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने यह कार्रवाई की है। रामवीर उपाध्याय पर लोकसभा चुनाव में आगरा, फतेहपुर सीकरी, अलीगढ़ समेत कई सीटों पर पार्टी का विरोध करने का आरोप बताया गया है। बसपा ने साथ ही उन्हें विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक पद से भी हटा दिया है। उनके खिलाफ जारी पत्र में हिदायत देते हुए कहा गया है कि वह अब पार्टी के किसी कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे और न ही उन्हें इसके लिए आमंत्रित किया जाएगा। बसपा ने पूर्व मंत्री रामवीर उपाध्याय की पत्नी सीमा उपाध्याय को फतेहपुर सीकरी से प्रत्याशी बनाया था, लेकिन उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। रामवीर उपाध्याय के भाई मुकुल उपाध्याय पिछले साल बीजेपी में शामिल हुए थे। इस दौरान मुकुल ने आरोप लगाया था कि अलीगढ़ से बसपा का टिकट देने के लिए मायावती ने उनसे पांच करोड़ रुपये मांगे थे।